Evershine

echo series

# दीपमाला

भाग- 2

एफ ए खान
एम ए

वेद प्रकाश
एम ए



EVERSHINE™ ESP PUBLISHERS
Soni House, WZ-348, Nangal Raya, New Delhi-110046
PH : 28111758, 28113958, Fax- 28112353

इस पुस्तक का कोई भी अंश तथा चित्र किसी भी प्रकार से उद्धृत करना सर्वथा वर्जित है। इस पुस्तक की कुंजी, गाइड अथवा किसी भी प्रकार की सहायक पुस्तक सामग्री छापना वर्जित है।


**प्रकाशक:**

EVERSHINE™ ESP PUBLISHERS



Soni House, WZ-348, Nangal Raya, New Delhi-110046
PH.: 28111758, 28113958, Fax- 28112353
Mobile: 9868877950, 9560408043
E-mail: evershinepub@gmail.com



**© सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन**



**कला सज्जा:**
**मंथन टेक्नोलोज़ीस**




# दो बातें

शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को केवल कला का ज्ञान देना और परीक्षा लेना नहीं है। शिक्षा का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। बच्चे जब विद्यालय की चारदीवारी से निकलकर वास्तविक जीवन में प्रवेश करते हैं तो शिक्षा ही उनका संबल बनती है। 'दीपमाला' पाठ्य-पुस्तक का मुख्य उद्देश्य यही है।

'दीपमाला' पाठ्य-सामग्री का चयन बच्चों की आयु और उनके मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए किया गया है। प्रत्येक पाठ अपने रोचक कथ्य और स्वरूप में बच्चों को जीव और जगत के गतिशील जीवन से परिचित कराता है।

दीपमाला की विशेषताएँ इस प्रकार हैं-

- सरल भाषा में उपयोगी कथ्य द्वारा प्रकृति, पर्यावरण, पशु-पक्षी एवं मानवीय मूल्यों से जोड़ने वाले पाठ।
- विद्यार्थियों के लिए रुचिकर चित्रकथाएँ, कार्टून आदि।
- सुंदर आकर्षक चित्र, सुंदर छपाई एवं रोचक प्रस्तुतीकरण।
- संशोधित, परिवर्धित, देवनागरी लिपि एवं मानक भाषा का प्रयोग।
- एन.सी.ई.आर.टी. के नवीनतम पाठ्यक्रम तथा सी.सी.ई. पद्धति पर आधारित।

बच्चों की रुचि को ध्यान में रखकर बनाई गई गतिविधियों तथा अभ्यास 'दीपमाला' में भरपूर मात्रा में दिए गए हैं। इनके माध्यम से कुछ करके सीखने का भरपूर अवसर बच्चों को मिलेगा। जिससे बच्चे भाषा का प्रयोग केवल पढ़ने-लिखने और बोलने के लिए ही नहीं बल्कि तर्क करने, विश्लेषण करने, अनुमान लगाने, अपनी भावनाओं और सोच को अभिव्यक्त करने और कल्पना करने आदि के लिए भी करेंगे।


'दीपमाला' शृंखला की प्रत्येक पाठ्य-पुस्तक में सी.सी.ई. की दृष्टि से संकलित मूल्यांकन (SA) और रचनात्मक मूल्यांकन (FA) दिए गए हैं।

हमें पूर्ण विश्वास है कि 'दीपमाला' बच्चों को स्वत: अध्ययन करने के लिए प्रेरित करेगी।

-प्रकाशक

# fo"k; lwph


| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रार्थना | 8 |
| 2. | हमारे उपयोगी पशु | 11 |
| 3. | शेखीबाज़ मक्खी | 17 |
| 4. | बशीर खाँ के जूते | 23 |
| 5. | बहादुर बिल्लो | 29 |
| 6. | पानी और धूप | 36 |
| 7. | अधिक बलवान कौन? | 40 |
| 8. | मित्र की मदद | 45 |
| 9. | राखी का त्योहार | 50 |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | इमली की चटनी | 58 |
| 11. | मीठी बोली | 63 |
| 12. | पेड़-पौधे और हम | 67 |
| 13. | सच्चे मित्र | 72 |
| 14. | अपना काम स्वयं करो | 79 |
| 15. | दाँतों की सफ़ाई | 85 |
| 16. | बसंत | 90 |
| 17. | कब आऊँ? | 94 |
| 18. | अक्ल बड़ी या भैंस? | 99 |









| क्र. | पाठ ( विधा ) | भाषा कौशल | गतिविधियाँ | जीवन-मूल्य, सामाजिक एवं राष्ट्रीय चेतना |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रार्थना (कविता) | बहुविकल्पीय प्रश्न, मात्रा वाले शब्द लिखना, ध्वनियों में अंतर पहचानना, वाक्य बनाना, | शब्द-लड़ी बनाना, राष्ट्रीय चिह्न पहचानना, कविता याद करके सुनाना | सच की राह पर चलना, सही-गलत की पहचान करना |
| 2. | हमारे उपयोगी पशु (पशुओं से लाभ) | बहुविकल्पीय प्रश्न, सही और गलत कथन, सुलेख, शब्द समूह, विलोम शब्द, प्रश्नोत्तर, मौखिक प्रश्न, | पहेलियाँ, ज्ञानवर्धक प्रश्न, चित्रों का मिलान करना | जीव-जंतुओं के प्रति दया भावना पैदा करना |
| 3. | शेखीबाज़ मक्खी (हास्य कथा) | बहुविकल्पीय प्रश्न, खाली स्थान भरना, प्रश्नोत्तर, मौखिक प्रश्न, वाक्य लिखना | मुहावरों का अर्थ बताना, रास्ता ढूँढना | किसी को छोटा न समझना, घमंड न करना |
| 4. | बशीर खाँ के जूते (रोचक कथा) | बहुविकल्पीय प्रश्न, संज्ञा, ध्वनियों में अंतर, शब्द समूह, खाली स्थान भरना, एकवचन-बहुवचन | शब्द पहेली, चुटकुले | काम को अधिक दिनों तक न टालना |
| 5. | बहादुर बिल्लो (साहसिक कथा) | बहुविकल्पीय प्रश्न, लिंग बदलना, खाली स्थान भरना, प्रश्नोत्तर, मौखिक प्रश्न | बातचीत करना, चित्रों को पहचानना | कठिनाई के समय सूझ-बूझ से काम लेना |
| 6. | पानी और धूप (कविता) | बहुविकल्पीय प्रश्न, तुकवाले शब्द, शब्द चुनना, शब्दों का वाक्यों में प्रयोग, मौखिक प्रश्न | शुद्ध उच्चारण, चित्रों को पहचानना, चित्र का वर्णन करना | प्रकृति-प्रेम की भावना जगाना |
| 7. | अधिक बलवान कौन? (उपयोगी बहस) | बहुविकल्पीय प्रश्न, समान अर्थ वाले शब्द, विलोम शब्द, बिना मात्रा वाले शब्द, चित्र देखकर वाक्य लिखना, मौखिक प्रश्न | वाक्य लिखना, सोचकर लिखना, | बहस न करना, अपनी-अपनी उपयोगिता समझाना |
| 8. | मित्र की मदद (मित्रता) | बहुविकल्पीय प्रश्न, जंतुओं की चाल, वचन बदलकर वाक्य लिखना, प्रश्नोत्तर, मौखिक प्रश्न | कठोर और मुलायम वस्तुओं को पहचानना, कहानी लिखना | मित्रता के महत्त्व को समझाना |
| 9. | राखी का त्योहार (बहन-भाई का प्रेम) | बहुविकल्पीय प्रश्न, संज्ञा और क्रिया, विशेषण और संज्ञा का मिलान, शब्दों का उच्चारण, खाली स्थान भरना, प्रश्नोत्तर, मौखिक प्रश्न | कठोर और मुलायम वस्तुओं को पहचानना, कहानी लिखना | भाई-बहन के प्रेम को दर्शाना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10. | इमली की चटनी (बाल कथा) | बहुविकल्पीय प्रश्न, लिंग बदलना, खाली स्थान भरना, प्रश्नोत्तर, मौखिक प्रश्न | वर्ग–पहेली, सलाद बनाना | भोजन की अच्छी आदतें विकसित करना |
| 11. | मीठी बोली (कविता) | बहुविकल्पीय प्रश्न, कविता की पंक्तियों को पूरा करना, तुकवाले शब्द लिखना, विलोम शब्द, विशेषण, नए शब्द लिखना, मौखिक उत्तर | पक्षियों की बोलियाँ, बुद्धि परीक्षण | मीठी भाषा की आदतें डालना |
| 12. | पेड़–पौधे और हम (प्रकृति–प्रेम) | बहुविकल्पीय प्रश्न, लिंग बदलना, खाली स्थान भरना, प्रश्नोत्तर, मौखिक प्रश्न | बातचीत पूरी करना, संदेश में रंग भरना | पेड़–पौधों के प्रति प्रेम करना |
| 13. | सच्चे मित्र (भावपूर्ण चित्रकथा) | बहुविकल्पीय प्रश्न, खाली स्थान भरना, मात्राओं वाले शब्द लिखना, प्रश्नोत्तर, मौखिक प्रश्न | चित्रों की सहायता से कहानी लिखना | मित्रता के महत्त्व को समझाना |
| 14. | अपना काम स्वयं करो (स्वालंबन) | बहुविकल्पीय प्रश्न, कथन पहचानना, शब्द लिखना, अक्षरों को उलटकर शब्द बनाना, समान ध्वनि वाले शब्द, प्रश्नोत्तर, मौखिक प्रश्न | चित्रों की सहायता से कहानी लिखना | अपना काम स्वयं करना, किसी के भरोसे न रहना |
| 15. | दाँतों की सफ़ाई (स्वास्थ्य) | बहुविकल्पीय प्रश्न, विलोम शब्द, दो हिस्सों को जोड़कर वाक्य बनाना, चित्र देखकर वाक्य लिखना, प्रश्नोत्तर, मौखिक प्रश्न | चित्र देखकर वाक्य लिखना, संदेश में रंग भरना | शरीर के अंगों को साफ़ रखना |
| 16. | बसंत (प्रकृति–प्रेम) | बहुविकल्पीय प्रश्न, शब्दों का वाक्यों में प्रयोग, तुकवाले शब्द, मौखिक प्रश्न | चित्रों को पहचानना, चीज़ों को पहचानना और लिखना | प्रकृति प्रेम की भावना जगाना |
| 17. | कब आऊँ? (प्राचीन कथा) | बहुविकल्पीय प्रश्न, नए शब्द बनाना, आसपास के लोगों को पहचानना, बहुवचन रूप में वाक्य लिखना, प्रश्नोत्तर, मौखिक प्रश्न | अंत्याक्षरी, खेल खेलना | हास्य और निश्चिंतता का बोध जगाना |

# 1 प्रार्थना

भगवान तुम्हारा करते ध्यान,
हमको दे दो यह वरदान।
हम सारे बालक नादान,
प्रभु, हमें दो सच्चा ज्ञान।
सदा रहे हम दूर झूठ से,
सत्य का दामन कभी न छूटे।
राह कर्म की बढ़ते जाएँ,
सदा बढ़े जग में सम्मान।
मानवता को भूल न जाएँ,
सदा प्रेम का बिगुल बजाएँ।
देश–धर्म की रक्षा हेतु,
सब अपना कर दें बलिदान।
द्वेष भाव से दूर रहें हम,
भारत माँ के आएँ काम।
हाथ जोड़कर करते ध्यान,
प्रभु हमें दे दो वरदान।

–कल्पना वाजपेयी



**शिक्षण संकेत**

बच्चों को सही–गलत की पहचान करना सिखाएँ।

**शिक्षा** : हमें सदा सही राह पर चलना चाहिए।

**शब्द-अर्थ**

| | | | |
|---|---|---|---|
| नादान | मासूम | जग | दुनिया |
| दामन | साथ | सत्य | सच |
| सम्मान | आदर | द्वेष | छल-कपट |

# अभ्यास

## संकलित मूल्यांकन (Summative Assessment)

1. **सही उत्तर पर ✓ चिह्न लगाओ:**

(क) बच्चे अपने आपको क्या बता रहे हैं?

चालाक ☐ नादान ☐ बलवान ☐

(ख) बच्चे किसका दामन नहीं छोड़ने की प्रार्थना कर रहे हैं?

झूठ का ☐ सच का ☐ छल का ☐

2. **दो-दो शब्द लिखो:**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आ | की मात्रा वाले | वरदान | ...................... | ...................... |
| इ | की मात्रा वाले | बिगुल | ...................... | ...................... |
| ई | की मात्रा वाले | कभी | ...................... | ...................... |
| उ | की मात्रा वाले | प्रभु | ...................... | ...................... |
| ऊ | की मात्रा वाले | भूख | ...................... | ...................... |
| ए | की मात्रा वाले | बढ़ते | ...................... | ...................... |
| ओ | की मात्रा वाले | जोड़ | ...................... | ...................... |

3. **इन शब्दों को बोलें और इनकी ध्वनियों में अंतर पहचानें:**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| स | सम्मान | सदा | सच्चा | सब |
| श | देश | शरीर | दिशा | शुभ |
| ष | द्वेष | भेष | विष | कृष्ण |

4. **सही वाक्य बनाओ:**

| | | |
|---|---|---|
| मैं | | कर रहे हैं। |
| तुम | प्रार्थना | कर रहा हूँ। |
| वह | | कर रहा है। |
| हम | | कर रहे हो। |

मैं प्रार्थना कर रहा हूँ।

......................................

......................................

......................................

5. **मैखिक उत्तर दो:**

1. बच्चे किससे प्रार्थना कर रहे हैं?
2. बच्चे कैसा ज्ञान माँग रहे हैं?



## रचनात्मक मूल्यांकन (Formative Assessment)

1. **सही शब्द चुनकर शब्द लड़ी आगे बढ़ाओ:**

दामन    जाल    नभ    भला    लड़की    सदा

सदा – दामन – ( ) – ( ) – ( ) – ( )

2. **पहचानो:**



राष्ट्रीय झंडा- तिरंगा



राष्ट्रीय पशु- बाघ



राष्ट्रीय पक्षी- मोर

3. **कविता याद करके कक्षा में सुनाओ।**